प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

एनडीए संसदीय दल की बैठक में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया। राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी घटक दलों ने समर्थन किया। नई दिल्ली के पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है।

****

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 11 जून को राज्य की विकास योजनाओं के साथ–साथ विधि व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में दिन के 11 बजे से आयोजित बैठक में श्री सोरेन वारंट की तामील, अपराध के साथ–साथ अबुआ आवास योजना, सर्टिफिकेट केस, भूमि सुधार राजस्व विभाग सहित सभी विभागों की योजनाओं की स्थिति की बारी–बारी से समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को देखते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखा है और योजनाओं की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट योजना विकास विभाग के माध्यम से मांगा है।

****

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने दो सेवानिवृत अफसरों समेत 4 पदाधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलाने की मंजूरी दी है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के खिलाफ झारखंड पेंशन नियमावली के नियम 43 के तहत उनकी पूरी पेंशन आजीवन रोकने के विभागीय प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी है। वहीं धनबाद नगर निगम के पूर्व आयुक्त अवधेश कुमार पांडेय के पेंशन से एक वर्ष तक पांच प्रतिशत राशि कटौती के प्रस्ताव को भी उन्होंने मंजूरी दी।

****

झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी और जामताड़ा के करमाटांड के अंचल अधिकारी रहे रामप्रवेश कुमार के एक वेतन वृद्धि पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा बोकारो के तात्कालीन सिविल सर्जन डॉ अशोक पाठक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलाने के प्रस्ताव को भी सीएम ने मंजूरी दी है।

****

उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उग्रवादियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की गयी हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई में पुलिस को यह सफलता मिली है।

****

खूंटी जिला अंतर्गत तोरपा प्रखंड का गुफु गांव जलछाजन का बेहतर उदाहरण बन गया है।

****

राज्य के सारंडा जंगल में तैनात सीआरपीएफ के जवान उत्तम कुमार को पैरालिसिस अटैक आने तथा स्थिति गंभीर होने के बाद तत्काल उन्हें बीएसएफ के हेलिकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है।

***********समाप्त*************